(e) whether the DTC proposes to hand over these routes to private operators under DTC so as to provide quick and fixed frequency of services to commuters; and

(f) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) and (b) Yes, Sir. The details are as under:—

S. N.	Name of Locality	Route Numbers
1	Nand Nagri Terminal . .	GL-212, GL-261 & GL-264.
2	Shahdara Terminal . .	GL-317, GL-320, GL-350, GL-832 & GL-215.
3	Noida	GL-31, GL-35, GL-36, GL-37, GL-300 & GL-332.

(c) More routes from some localities have become necessary in view of large number of commuters patronising the particular bus terminal or area.

(d) No, Sir.

(e) No, Sir.

(f) Does not arise, in view of answer to (d) above.

नियमित मार्गों को ग्रीन लाइन बस सेवा में परिवर्तित किया जाना

1098. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** :

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री राज्य सभा में 25 मार्च, 1992 को तारांकित प्रश्न 370 के दिये गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कुछ निर्धारित मार्गों पर ग्रीन लाइन सेवा बंद करने के अतिरिक्त कतिपय मार्गों उदाहरणार्थ जी एल 260, जी एल 320 और जी एल 301 आदि को 4 रुपये किराये वाली ग्रीन लाइन एक्सप्रैस सेवा में परिवर्तित कर दिया गया है;

(ख) यदि हां तो इसके क्या कारण हैं और यदि नहीं, तो इनमें से अधिकतर बसों को व्यस्ततम समय के दौरान क्यों चलाया जाता है; और

(ग) क्या इस संबंध में सरकार की कोई निश्चित नीति है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) से (ग) यात्रियों के उस वर्ग को, जो सामान्य भाड़े से थोड़ा अधिक किराया दे सकते हैं, तीव्र तथा आरामदायक सेवा उपलब्ध करने के उद्देश्य से दि० प० नि० ने ग्रीन लाईन बसें शुरू की थी। ग्रीन लाईन सेवाएं प्रति व्यक्ति प्रति ट्रिप 4 रु० फलैट किराया वसूल करती हैं।

प्रारंभ में नए रूट लेआऊट तैयार किए गए थे और सामान्य बस सेवाओं का प्रयोग करने वाले यात्रियों की अच्छी प्रतिक्रिया को ध्यान में रखकर कुछ सामान्य सेवाओं पर भी ग्रीन लाईन सेवाएं लगाई गई थी। उन यात्रियों के लिये जो भीड़-भाड़ वाली बसों में यात्रा करना पसन्द नहीं करते, एक वैकल्पिक सेवा के रूप में व्यस्त घंटों के दौरान पर्याप्त संख्या में ग्रीन लाईन सेवाएं भी चलाई गई थी।

ग्रीन लाइन बस सेवा का उद्देश्य

1099. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** :

क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि दिल्ली परिवहन निगम द्वारा आरंभ की गई ग्रीन लाइन सेवा अपने उद्देश्य की पूर्ति करने में विफल रही है; और